# भारतीय रैडक्रॉस सोसायटी, जिला शाखा सिरसा

वर्ष 1975 से जिला सिरसा में रैडक्रॉस सोसायटी का गठन किया गया, तभी से यह संस्था दिव्यांग व्यक्तियों के कल्याणार्थ कार्य कर रही है। इस संस्था का मुख्य उद्देश्य जख्मी व बीमार व्यक्तियों की सहायतार्थ, अस्पताल कल्याण, सैनिकों को राहत पहुंचाना, मातृ एवं शिशु कल्याण, परिवार नियोजन कार्यक्रम, रक्तसंचार सेवाएं व प्राकृतिक आपदा आने पर राहत प्रदान करना है।

यह संस्था मान्नीय उपायुक्त महोदय सिरसा के नेतृत्व व मार्गदर्शन में कार्यरत है। **इस संस्था की वर्ष 2022–23(दिनांक 01.04.2022 से 31.03.2023 तक) की उपलब्धियाँ इस प्रकार हैः–**

**1.रक्तदान सेवाएंः–**

रक्तदान के क्षत्र में पूरे हरियाणा में सिरसा जिला प्रथम अथवा द्वितीय स्थान पर रहा है। इस वर्ष संस्था द्वारा 244 रक्तदान शिविरों का आयोजन करके कुल 12920 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। सिरसा जिला पहला ऐसा जिला है जहाँ पर रक्त देने पर उसके बदले में रक्त नहीं लिया जाता।




**2.दिव्यांग प्रतिष्ठापन केन्द्र सिरसाः**

संस्था द्वारा वर्श 1987 से रैडक्रास भवन रानियां बाजार सिरसा में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, हरियाणा के सहयोग से 'दिव्यांग प्रतिष्ठापन केन्द्र' का संचालन किया जा रहा है। इस केन्द्र में केवल एक शू मेकर कार्यरत है। इस वर्ष इस केन्द्र के माध्यम से दिव्यांग व्यक्तियों को 15 कैलिपर, 16 ओर्थो शूज, 9 जयपुर फुट व 27 अन्य कृत्रिम अंगों की मुरम्मत का कार्य किया गया।



**3.अस्पताल कल्याण अनुभाग सिरसाः**

अस्पताल कल्याण अनुभाग द्वारा निम्नलिखित 2 हैल्थ चैक–अप कैम्पों का आयोजन किया गया जिसका विवरण इस प्रकार है :–

| Sr.No. | Date | Place of Camp | TOTAL PATIENT |
|---|---|---|---|
| 1- | 14-08-2022 | Ch.Devi Lal Park, Sirsa | 102 |
| 2- | 21-08-2022 | Nehru Park Sirsa | 70 |
| 3- | 28-08-2022 | Railway Park Sirsa | 50 |

**4.प्राथमिक सहायता/गृह परिचर्या प्रशिक्षण :**

संस्था द्वारा विद्यालयों, फक्ट्रियों, भौक्षणिक एवं व्यवसायिक संस्थानों में प्राथमिक सहायता व गृह परिचर्या का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस वित्त वर्ष में इस वर्ष संस्था द्वारा रैडक्रॉस कार्यालय में कण्डक्टर श्रेणी के 293 व्यक्तियों को प्राथमिक सहायता, 10 व्यक्तियों को गृह परिचर्या,2 व्यक्तियों को सी.पी.आर.ट्रेनिंग तथा विद्यालयों में 1048 छात्र/छात्राओं को प्राथमिक सहायता/गृह परिचर्या का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

**5.वाहन चालक लाईसैंस के लिए एक दिवसीय बेसिक फर्स्ट–एड–ट्रेनिंग :**

संस्था द्वारा वाहन चालक बनवाने वाले इच्छुक व्यक्तियों को एक दिवसीय बेसिक फर्स्ट–एड–ट्रेनिंग प्रदान की जा रही है तथा जिला के 15148 व्यक्तियों को एक दिवसीय बेसिक फर्स्ट–एड–ट्रेनिंग प्रदान की गई।

**6.मातृ एवं शिशु कल्याण केन्द्र**

संस्था द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से रैडक्रॉस भवन रानियां बाजार सिरसा में परिवार नियोजन केन्द्र व मातृ एवं शिशु कल्याण केन्द्र चलाया जा रहा है । इस केन्द्र में गर्भवती महिलाओं व नवजात बच्चों को टीकाकरण की सुविधा निःशुल्क प्रदान की जा रही है। केन्द्र द्वारा 3880 कण्डोम, 49 कॉपर–टी, 364 खाने की गोलियां व 45 Sterlization, 15 e-pill के केस करवाए गए। इसके अतिरिक्त 128 टैटनस टॉक्साईड Mother, 123 टैटनस टॉक्साईड Children, 373 डी.पी.टी., 223 पैन्टा इन्जैक्शन, 414 विटामिन–ए सोलुशन, 223 Rotavirus Drops, 223 OPV Drops, 248 IPV Injection, 394 PCV Injection व 414 MR Injection बच्चों व महिलाओं को निशुल्क लगाए गए।



**7.कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण वितरण**

संस्था द्वारा अलीम्को के सहयोग से दिनांक 10.05.2022 को सिरसा के तत्कालीन उपायुक्त श्री अजय सिंह तोमर,आई.ए.एस. के कर कमलों द्वारा निम्नलिखित कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण वितरित किए गए:–

| Sr.No. | Description | Total |
|---|---|---|
| 1- | Tricycle Child | 2 |
| 2- | Tricycle Adult | 67 |
| 3- | Wheel Chair Adult | 30 |
| 4- | MSIED Kit | 4 |
| 5- | BTE | 58 |
| 6- | Smart Cane | 5 |
| 7- | Smart Phone | 2 |
| 8- | Elbow Crutch Large | 2 |
| 9- | Crutch Small | 2 |
| 10- | Crutch Medium | 14 |
| 11- | Walking Stick | 2 |
| 12- | Rollator Adult | 4 |
| 13- | C.P.Chair | 4 |
| 14- | Artificial Limb | 1 |
| 15- | Calipar | 17 |
| | Total Beneficiaries:- | 153 |
| | No.of Artificial Limbs | 213 |
| | Value (in lakhs) | 14.16 |




**8.प्राकतिक आपदा कोष**

संस्था द्वारा प्राकृतिक आपदा कोष के नाम से अलग से बैंक में बचत खाता खोला हुआ है। इस कोष से किसी भी प्राकृतिक आपदा के समय तुरन्त सहायता प्रदान की जाती है।

9. **टी.आई. प्रोजैक्ट**

10. हरियाणा राज्य एड्ज कन्ट्रोल सोसायटी के अर्न्तगत जिला रैडक्रॉस सोसायटी सिरसा द्वारा जिला सिरसा में टी.आई.प्रोजैक्ट चलाया जा रहा है। इस प्रोजैक्ट में 3 प्रकार का वर्गीकरण है, जैसेः–

1. FSW (Female Sex Worker)
2. इंजैक्शन द्वारा नशा करना IDU's(Injecting Drug User)
3. आदमी द्वारा आदमी से संबंध MSM(Male having sex to male)

इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य लोगों को एच.आई.वी. के बारे में जागरूक करना है।

**10.टी.बी. प्रोजैक्ट**

राज्य मुख्यालय के निर्देशानुसार संस्था द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से टी.बी.प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट में चार वालंटियर की नियुक्ति की हुई है जो भिन्न–2 खण्डों से टी.बी. से रोगियों की पहचान करके उन्हें ईलाज के लिए प्रेरित करके सामान्य अस्पताल सिरसा में भेज रहे हैं।

इस वित्त वर्ष में संस्था द्वारा निम्नलिखित टी.बी.स्क्रीनिंग एवं हैल्थ चैक–अप कैम्प का आयोजन किया गयाः–

| | |
|---|---|
| 23.06.2022 | सैक्टर–19, हुड्डा सिरसा (जहाँ थेहड़ मौहल्ला के लोग रहते हैं) |
| 14.08.2022 | चौ0 देवी लाल पार्क, बरनाला रोड़, सिरसा |
| 21.08.2022 | नेहरू पार्क, सिरसा |
| 14.03.2023 | टी.बी.स्क्रीनिंग कैम्प सिरसा। |

**अन्य कार्यः–**

1. खुले में सो रहे लोगों को सर्दियों से बचाव के लिए संस्था द्वारा 170 कम्बल वितरित किए गए।



2. रैडक्रॉस के जन्मदाता सर जीन हैनरी ड्यूना के जन्म दिवस पर भारतीय रैडक्रॉस सोसायटी, हरियाणा राज्य शाखा, चण्डीगढ़ द्वारा 8 मई, 2022 को राज्य स्तरीय ''विश्व रैडक्रॉस दिवस'' रोहतक में मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि

महामहिम राज्यपाल महोदय हरियाणा थे। संस्था की टीम द्वारा ''विश्व रैडक्रॉस दिवस'' के अवसर पर संस्था की गतिविधियों से संबंधित प्रदर्शनी लगाई गई।




3. संस्था द्वारा 2 जून,2022 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिरसा के सहयोग से यौन कर्मियों के लिए कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन रैडक्रॉस भवन रानियां बाजार सिरसा में किया गया।
4. इस वित्त वर्ष में संस्था द्वारा निम्नलिखित चार नशामुक्ति सैमीनार को आयोजन किया गयाः—

| | |
|---|---|
| 15.09.2022 | गांव नेजाडेला कलां |
| 4.10.2022 | रैडक्रॉस कार्यालय, रानियां बाजार सिरसा |
| 17.10.2022 | गांव ओटू |
| 12.01.2023 | गांव खैरेकां |






5. ''हर घर तिरंगा अभियान'' के अर्न्तगत संस्था द्वारा पैदल तिरंगा यात्राएं निकाली गई।




6. 10 अगस्त, 2022 को कुष्ट आश्रम समिति सिरसा में हाइजैनिक किट का वितरण किया गया।



7. दिव्यांगजन के राज्य आयुक्त श्री राज कुमार मक्कड़ द्वारा दिनांक 02.10.2022 को ''अजय वाटिका सिरसा'' में दिव्यांग व्यक्तियों को निम्नलिखित सामान वितरित किया गया:–

| क्र. | वस्तु का नाम | मात्रा |
|---|---|---|
| 1. | व्हील चेयर | 5 |
| 2. | हाईजैनिक किट | 44 |
| 3. | किचन सैट | 27 |
| 4. | बैसाखी | 5 जोड़ी |
| 5. | रोलर | 5 |
| 6. | ओक्सोमीटर | 18 |
| 7. | ब्लाईंड स्टिक | 2 |
| 8. | एम.आर.किट | 2 |
| 9. | हैण्ड स्टिक | 10 |

8. हरियाणा राज्य शाखा चण्डीगढ़ के निर्देशानुसार जिला रैडक्रॉस सोसायटी सिरसा द्वारा विद्यार्थियों के लिए पाँच दिवसीय ''जिला स्तरीय जूनियर रैडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर'' 5 दिसम्बर से 9 दिसम्बर 2022 तक ''राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, खैरपुर (सिरसा)'' में आयोजित गया। इस शिविर में जिला के भिन्न–भिन्न विद्यालयों से 90 छात्र–छात्राएं तथा 10 काउंसलर ने भाग लिया।




9. जिला रैडक्रॉस सोसायटी सिरसा द्वारा स्वास्थ्य विभाग सिरसा के सहयोग से 1 नवम्बर से 14 नवम्बर तक ''कुष्ट रोग जागरूकता अभियान'' चलाया गया। स्लम एरिया की भिन्न–2 बस्तियों में जाकर कुष्ट रोगियों की पहचान करने हेतु जाँच की गई तथा कुष्ट आश्रम सिरसा में किचन सैट व हाइजैनिक किट का वितरण किया गया।



10. 20 जनवरी, 2023 को ''नैशनल यूथ डे कैंपेन'' के अवसर पर लोगों को एच.आई. वी./एडज के प्रति जागरूक करने के लिए सिरसा शहर में रैली निकाली गई।




11. **राज्य मुख्यालय चण्डीगढ़ के निर्देशानुसार संस्था द्वारा 27 जनवरी से 31 जनवरी, 2023 तक ''नैशनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन सिरसा'' में पाँच दिवसीय *''जिला यूथ रैडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर''* का आयोजन किया गया जिसमें जिला सिरसा के 17 महाविद्यालयों से 120 छात्र/छात्राएं व काउंसलर उपस्थित हुए।**



12. दिव्यांग व्यक्तियों की सहायता 20 फरवरी 2023 से 26 फरवरी 2023 तक जिला सिरसा में खण्ड स्तर निम्नलिखित पर दिव्यांग जाँच शिविरों का आयोजन किया गया। सिरसा खण्ड में 102, डबवाली में 108, ऐलनाबाद में 86, रानियां में 127, औढ़ां में 52, नाथूसरी चौपटा में 129 तथा बढ़ागुढ़ा में 82 दिव्यांग व्यक्तियों इस प्रकार कुल 686 दिव्यांग व्यक्तियों की जाँच की गई ।




13. संस्था द्वारा 13 जनवरी को **''राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह'** रैडक्रॉस भवन के प्रांगण तथा ''दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना कॉलेज, नजदीक जे. सी.डी.विद्यापीठ सिरसा'' में मनाया गया ।






14. 1 दिसम्बर,2022 को लोगों को 'एड्ज' के प्रति जागरूक करने के लिए सामान्य अस्पताल सिरसा में ''विश्व एड्ज दिवस'' मनाया गया।




15. संस्था द्वारा दिनांक 26 जनवरी, 2023 को गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर रैडक्रॉस की गतिविधियों से संबंधित झांकी का प्रदर्शन '' शहीद भगत सिंह स्टेडियम सिरसा'' में किया गया।




सचिव,
जिला रैडक्रॉस सोसायटी,सिरसा।